नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

मौसम
पूर्वानुमान

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
01-जुलाई	27.0	37.0	मौसम साफ रहेगा।
02-जुलाई	27.0	36.0	मौसम साफ रहेगा।

समाचार: जिला, आसपास

लापरवाह कार्मिकों को थमाई जाएगी चार्जशीट - एमडी भाटी

भीलवाड़ा। अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक वीएस भाटी द्वारा भीलवाड़ा वृत्त के अधिकारियों की समीक्षा बैठक भीलवाड़ा वृत्त सभागार में ली। अधीक्षण अभियंता एसके उपाध्याय ने बताया कि प्रबंध निदेशक द्वारा अधिकारियों की पिछले वर्ष 20-21 के कार्य की समीक्षा करते हुए उन्हें दिए गए सभी लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करने के लिए प्रशंसा की एवं बधाई दी और फिर चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिए राजस्व संग्रहण,छीजत कम करने,सतर्कता जांच अभियान,नये घरेलू/अघरेलू/कृषि/औद्योगिक कनेक्शन समय पर जारी करने,कृषि कनेक्शन के स्वैच्छिक भार वृद्धि,खराब व बन्द मीटर बदलने आदि के लक्ष्य देते हुए कहा कि जो अधिकारी बेहतर कार्य करेगा उसे प्रोत्साहित किया जाएगा और जो लक्ष्य हासिल नहीं करेगा उसे चार्जशीट आदि से दंडित भी किया जा सकता है।

इसीलिए सभी अधिकारी अभी से फील्ड में सक्रिय रहकर अपने-अपने खण्ड व उपखंड को आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति में लग जाएं। इसके लिए किसी के सम्मुख संसाधनों,आवश्यक स्टाफ व सामग्री की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता पी एम जीनगर,आरपी सिंह,वीके संचेती,नमोनारायण मीणा,सुरेश चंद्र अग्रवाल,आरपी मीणा,बहादुर सिंह,आर एल बैरवाल,लेखाधिकारी रीना तिवाड़ी,टीए डीके मित्तल एवं अन्य कई अधिकारी उपस्थित रहे।

पोस्ट कोविड परामर्श शिविर में 53 लाभावित

भीलवाड़ा। गणेश उत्सव प्रबन्ध एवं सेवा समिति भीलवाड़ा एवं आयुष चिकित्सालय महात्मा गांधी परिसर के संयुक्त तत्वाधान में पोस्ट कोविड परामर्श शिविर में 53 व्यक्ति लाभावित हुये। इसमें कमेटी, मधुमेह, खांसी, नींद न आना, भूख न लगना आदि बीमारियों के लिये परामर्श दिया गया। समिति के अध्यक्ष उदयलाल समदानी ने बताया कि इस शिविर में डॉ. अनुराग शर्मा सभी को परामर्श व जरूरतमंदों को दवाईयां देंगे। इस शिविर में श्यामसुन्दर पारीक, सुभाष अग्रवाल व अनिता शर्मा ने सेवाएं दी।

भामाशाह से आर्थिक त्रस्त हुए निजी चिकित्सालयों की चिरंजीवी योजना में रूचि नहीं

भीलवाड़ा ■ जगदीश जोशी

वसुंधरा राजे सरकार के समय आमजन को निःशुल्क दवाईयां तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लागू की गई मुख्यमंत्री भामाशाह स्वास्थ्य योजना में लाखों रुपए डुबोये बैठे निजी चिकित्सालय अब दूध का जला छाछ को फूंक-फूंक कर पीता है कि तर्ज पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा है। यहां तक की प्रदेशभर में निजी चिकित्सालयों ने इस बीमा योजना को नकार सा रखा है। आलम यह है कि 850 रुपए प्रति वर्ष प्रीमियम जमा कराने के पश्चात भी आमजन अपने बीमार परिजनों का इलाज कराने के लिए निजी चिकित्सालयों में जाते जरूर है जहां उन्हें बड़े ही मजाकिया स्वरों में मना कर दिया जाता है। वहीं राजकीय चिकित्सालयों में वैसे ही निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है पर विशेषज्ञों तथा सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के लिए अभी भी निजी चिकित्सालयों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आमजन के लिए पीड़ित मानवता की सेवा को लेकर जो मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना लागू की है वह मखौल बनकर रहती जा रही है। चिकित्सक डॉ. कुलदीप नाथावत ने बताया कि चिरंजीवी योजना को लागू करने से पहले राजस्थान सरकार ने निजी अस्पतालों या उनकी प्रतिनिधि संस्थाओं को विश्वास में नहीं लिया, न ही उनसे अलग से एमओयू किया गया। चिरंजीवी योजना में अस्पताल को आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीज के इलाज के लिए प्रतिदिन दी जाने वाली राशि 2400 रूपये है। तीस प्रतिशत टैक्स काटकर अस्पताल को 1680 रूपये बचते है जिसमें भर्ती गंभीर मरीज का सम्पूर्ण इलाज करना होगा। उन्होंने बताया कि इतनी कम राशि में अस्पताल में अच्छी और महंगी दवा और सेवाओं की उम्मीद करना गलत होगा। उन्होंने बताया कि किसी चार सदस्यों के परिवार को हेल्थ इंश्योरेंस लेना हो तो उसका प्रीमियम बीस से तीस हजार रूपये प्रतिवर्ष आता है तब जाकर परिवार को गुणवत्ता पूर्ण केशलेस स्वास्थ्य सेवाएं मिलती है। ऐसे में 850 रूपये के वार्षिक प्रीमियम पर राजस्थान की जनता को कैसे सेवाएं मिलेगी। जिस देश में आलू-प्याज तक के दाम सरकारें तय नहीं करती वहां स्वास्थ्य सेवाओं के दाम तय कर दिये गये है। यदि ये उचित है तो फिर निजी स्कूलों, वकीलों, कोचिंग सेंटर इत्यादि की फीस, पांच सितारा होटल एवं रैस्टोरेंट में खानपान के दाम, ब्रांडेड कपड़ों के दाम और बिल्डर्स द्वारा बेचे जा रहे मकानों के दाम पर भी कैपिंग होनी चाहिए। स्वास्थ्य की तरह शिक्षा, रोटी, कपड़ा, मकान और न्याय भी तो मूलभूत अधिकार है।

वैक्सीन खत्म होने से बंद रहे टीकाकरण केन्द्र, लोगों को लौटना पड़ा बैरंग

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

जिले में कोरोना वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में नहीं आने से आए दिन टीकाकरण का कार्य बंद हो रहा है। कई बार तो एक सप्ताह में दो से तीन दिन तक टीकाकरण नहीं हो पाता है। ऐसे में टीका लगवाने के लिए आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। मंगलवार को भी कोरोना वैक्सीन खत्म हो जाने से बुधवार को टीकाकरण का कार्य बंद रहा। ऐसे मे महात्मा गांधी अस्पताल सहित अन्य टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचे लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया की वैक्सीन डोज की नई खेप आने के बाद ही संभवतया २ जुलाई से १८ व ४५ प्लस का टीकाकरण फिर से शुरू हो पाएगा। उधर मंगलवार को टीकाकरण केन्द्रों पर २०६२ लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। जिले में अब तक कुल ७ लाख ५७ हजार २६२ लोगों का टीकाकरण हो चुका है। इनमें १ लाख १४ हजार ७६६ ने दूसरी डोज लगवाई। टीकाकरण के तहत ६० वर्ष से ऊपर के २ लाख ९ हजार ७४० लोग पहला, ५५ हजार ३६ लोग दूसरा टीका लगवा चुके है। ४५ से ६० वर्ष तक के २ लाख १२ हजार ३३९ लोग पहला एवं ३० हजार २०९ लोग दूसरा टीका लगवा चुके है। १८ से ४४ साल तक के २ लाख ९७ हजार ८७४ ने पहला व ११४ लोगों ने दूसरा टीका लगवाया। फ्रंट लाइन वर्कर में पहला टीका २० हजार ९०८ लोगों ने और दूसरा टीका १५ हजार ४०६ लोगों ने लगवाया। हेल्थ वर्कर में १६ हजार ४०९ ने पहला एवं दूसरा टीका १४००९ लोगों ने लगवाया। उधर प्रदेश में भी कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर उठ खड़ा हुआ है। गहलोत सरकार का कहना है कि वैक्सीनेशन में अग्रणी राज्यों में शुमार होने के बावजूद प्रदेश को पर्याप्त मात्रा में कोरोना वैक्सीन की डोज नहीं मिल पा रही है। इसके कारण वैक्सीनेशन का कार्य प्रभावित हो रहा है। केन्द्र सरकार को चाहिये कि वह राजस्थान को पर्याप्त संख्या में वैक्सीन उपलब्ध कराये। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में कोरोना वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भी लिखा है। पत्र में बताया गया की वैक्सीन के कमी के कारण राजधानी जयपुर समेत कई जिलों में कोरोना टीकाकरण का काम नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पत्र में कहा है कि वैक्सीनेशन के मामले में राजस्थान अग्रणी प्रदेश है। राजस्थान में अब तक 2 करोड़ 36 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। प्रदेश में प्रतिदिन 15 लाख लोगों को टीका लगाने की क्षमता विकसित कर ली गई है।

पेयजल के लिए इधर-उधर भटक रहे नट बस्ती के लोग

भीलवाड़ा। राजस्थान विमुक्त घुमंतु अर्द्ध-घुमंतु जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सामाजिक पदाधिकारी एवं अखिल राजस्थान कंजर समाज महापंचायत प्रदेशाध्यक्ष ग्यारसीलाल गोगावत ने चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत करवाया है कि नलवाई ग्राम पंचायत चेनपुरिया उपखंड व तहसील बड़ी सादड़ी में विमुक्त घुमंतु अर्ध-घुमंतु नट समुदाय की बस्ती में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, पानी की किल्लत की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । नट बस्ती के लोगों की स्थानीय प्रशासन कोई सुनवाई नहीं करते हैं । नट बस्ती के लोगों को दूर-दूर तक पानी के लिए भटकना पड़ रहा है । जिसमें गर्मी के मौसम में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । साथ ही बस्ती में गुजरने के लिए रास्ता भी नसीब नहीं है, जिससे पत्थरों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है । गोगावत ने पत्र में आग्रह किया है कि ग्राम नलवा ई ग्राम पंचायत चेनपुरिया उपखंड व तहसील बड़ी सादड़ी में डीएनटी समुदाय की बस्ती में लोगों के लिए रास्ता पीने के पानी के लिए पेयजल व्यवस्था करवाने की मांग की गई है ।

फटाफट

पीड़ित मानवता की सेवा में रक्तदान पुण्य कार्य - विधायक जाट

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा डेयरी चेयरमेन, किसान नेता एवं मांडल विधायक रामलाल जाट ने बागोर कस्बे में आयोजित रक्तदान शिविर में कहा कि पीड़ति मानवता की सेवा में रक्तदान सबसे पुण्य कार्य है और मुझे कहते हुए खुशी है कि यहां युवाओं ने किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने के कार्य में भागीदारी निभाने में महत्ती भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के जरिये आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया हो इसके लिए प्रयास कर देश में राजस्थान की पहचान बनाई है। विधायक जाट के सानिध्य एवं सरपंच कालूराम जाट सहयोग से बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम वासियों युवाओं ने पीड़ति मानवता की सेवा के लिए रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया रक्तदान शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागोर में रखा गया। सरपंच कालूराम जाट के अथक प्रयासों तथा विधायक रामलाल जाट की प्रेरणा को मूर्त रूप देने में दिनेश जाट, सुरेश जाट, पंचायत समिति सदस्य हरीश चंदेल, महिला कांग्रेस कार्यकर्ता शबनम डायर, रामचंद्र कीर, घनश्याम देवपुरा, समस्त वार्ड पंच गण, युवा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

13 संस्थाप्रधान बने जिला शिक्षा अधिकारी

भीलवाड़ा। राज्य सरकार ने जिले के 13 प्रिंसीपल को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के पद पर पदोन्नत किया है। इनमें चार ऐसे प्रिंसीपल है, जिन्हें राजकीय सेवा से रिटायर होने के बाद प्रमोशन का तोहफा मिला है। सभी प्रमोशन 2020-21 की रिक्त सीटों के विरुद्ध किए गए हैं। शिक्षा विभाग ने हाल ही विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक की थी। शिक्षा विभाग ग्रुप-2 की शासन उप सचिव अनीता मीना ने प्रमोशन आदेश जारी किए हैं। प्रदेश से कुल 323 प्रिंसिपल को डीईओ बनाया गया है। इनमें भीलवाड़ा जिले से 13 प्रिंसीपल शामिल हैं। समसा में कार्यरत योगेश पारीक, दिनेश शर्मा, अशोक श्रोत्रिय, असलम मोहम्मद, राजकुमारी स्वर्णकार, मधु सामरिया को प्रमोशन मिला।

धूल फांक रही लाखों रुपए कीमती अनाज ग्रेडिंग मशीन

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

केंद्र-राज्य सरकारें भले ही किसानों के लिए कई योजनाएं दें। पैसा भी दें, पर धरातल पर बैठे अफसर इन्हें लागू करने के प्रति गंभीर नहीं दिखते। ऐसा ही हो रहा है जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योति बा फुले अ श्रेणी कृषि उपज मंडी में। यहां मोबाइल क्लीनिंग एंड सोर्टिंग मशीन (ग्रेडिंग मशीन) धूल, धूप और बरसात में पड़ी खराब हो रही है। लगभग 20 लाख रुपए लागत की ये मशीन केंद्र सरकार के ई-नाम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) प्रोजेक्ट के तहत खरीदी गई। इसका मकसद था ई-नाम प्रोजेक्ट के तहत मंडी में क्लिनिंग एंड सोर्टिंग सुविधाओं का विस्तार करना। किसानों की उपज की ग्रेडिंग करना, ताकि उन्हें अच्छा दाम मिल सके। केंद्र सरकार से मिले बजट पर एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड ने प्रदेश की ई-नाम मंडियों के लिए इस मशीन को खरीदने के लिए एक साथ टेंडर किए। यह टेंडर अंबाला कैंट की कंपनी के नाम खुला। कंपनी ने मशीन की सप्लाई एक जून को कृषि उपज मंडी प्रशासन को कर दी। इसके साथ 20 केवीए का जनरेटर भी है। लगभग एक माह से यह मशीन मंडी परिसर में खुले में पड़ी है। इसके टायर में हवा नहीं है। इस पर तिरपाल ढंका है, जो हवा के साथ हट भी जाता है। मंडी के एक कर्मचारी ने बताया कि कंपनी का इंजीनियर आकर मशीन को इंस्टॉल करेगा, तब इसे शुरू कर पाएंगे। जब तक मशीन इंस्टॉल नहीं होगी, तब तक शुरू नहीं किया जा सकता। आश्चर्यजनक तो ये है कि इस मशीन से किसान की उपज की ग्रेडिंग निशुल्क होगी या सशुल्क? इस बारे में सरकार से कोई गाइडलाइन नहीं आई है। मंडी सेक्रेट्री संतोष मोदी खुद स्वीकारते हैं कि अभी तो उन्हें ही पता नहीं है कि किसान को कैसे सुविधा दी जाएगी। राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) एक अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल है, जो कृषि वस्तुओं के लिए एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार बनाने के लिए मौजूदा मंडियों को नेटवर्क प्रदान करता है। ई-नाम का उद्देश्य विनियमित बाजारों में पारदर्शी बिक्री, लेनदेन और अच्छी रेट की खोज के लिए एक राष्ट्रीय ई-मार्केट प्लेटफॉर्म बनाना है।

अभय कमांड सेंअर का एडिशनल डायरेक्टर ने लिया जायजा

भीलवाड़ा। जिले में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की संचालित गतिविधियां अभय कमाण्ड सेंटर तथा ई-मित्र की समीक्षा के लिए अजमेर संभाग के अतिरिक्त निदेशक अखिलेश मित्तल भीलवाड़ा दौरे पर आए। उन्होंने डीओआईटी कार्यालय में ई-मित्र केन्द्र पर नागरिक केन्द्रित सुविधाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात पुलिस कंट्रोल रूम स्थित अभय कमाण्ड सेन्टर पर भीलवाड़ा शहर में स्थापित कैमरों के लाइव फीड को देखा तथा बेहतर प्रदर्शन के सम्बन्ध में सुझाव एवं निर्देश दिये।

सुर्खियां

हादसों का सबब बन रहा आजाद चौक में मेन हॉल का ढक्कन

भीलवाड़ा। शहर के सबसे व्यस्ततम मार्केट आजाद चौक में एक मेन हॉल के ऊपर बेतरतीब लगा ढक्कन हादसे का सबब बन रहा है। इसे काफी समय हो गया, पर अब तक नगर परिषद के किसी भी कर्मचारी ने ध्यान नहीं दिया। सूचना केंद्र की तरफ से जब आजाद चौक में प्रवेश करते हैं तो लोकजीवन कॉम्प्लेक्स के पास मेन हॉल पर लगा ढक्कन आधा बाहर निकला हुआ। इससे वाहन चालकों खासकर दुपहिया वाहन चालकों के साथ ही राहगिर भी टकराकर चोटिल हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि इसी के नजदीक आजाद चौक ग्राउंड में नगर परिषद के स्वास्थ्य निरीक्षक का कार्यालय है। वे भी दिन भर इसी रोड से गुजरते हैं, पर इस ढक्कन को ठीक करने की तरफ किसी का ध्यान नहीं है।

हलचल : मेवाड़

आज से जिस वाहन पर नहीं होगा जीपीएस, लगेगा जुर्माना

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

राज्य सरकार के निर्देश पर जिले की समस्त एम्बुलेंसों में व्हीकल ट्रेकिंग डिवाइस (जीपीएस) लगाने का आज अंतिम दिन है। परिवहन विभाग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित एमजी हॉस्पिटल में 2 दिनों से शिविर लगाया जा रहा है। अभी तक कुल 219 एम्बुलेंसों में से 54 एम्बुलेंसों में व्हीकल ट्रेकिंग डिवाइस रियायती दर पर लगाए जा चुके हैं। जिला परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि शिविर का आज अंतिम दिन है। इसके पश्चात 1 जुलाई से एम्बुलेंस वाहनों की चैकिंग की जाएगी। जिस एम्बुलेंस वाहन में व्हीकल ट्रेकिंग डिवाइस नहीं लगा होगा उस वाहन का चालान बना कर 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। डीटीओ राठौड़ ने कहा कि यह व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस जिसमे पैनिक बटन भी है जो ऑटोमेटिव इण्डस्ट्रीज स्टैण्डर्ड 140 मानकों के है। जो एनआईसी नेशनल इंन्फोर्मेटिक्स सेन्टर से जुडे हुए होंगे तथा पुलिस के इमरजेंसी सर्विस से भी लिंक होंगे। डिवाइस के ऐसे निमार्ता जो भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित है तथा वाहन स्वामी को एक फिटमेंट सर्टिफिकेट तथा एनआईसी का एक्टीवेशन सर्टिफिकेट देंगे जिसकी एक प्रति परिवहन कार्यालय को जमा करानी होगी। जिला परिवहन अधिकारी को राज्य सरकार द्वारा यूजर आईडी एवं पासवर्ड जारी कर दिए गए है। साथ ही डिवाइस निमार्ता को भी यूजर आईडी व पासवर्ड सरकार द्वारा दिए गए है। डिवाइस में बीएसएनएल और अन्य टेलिकॉम कम्पनी की सिम भी लगी हुई है। सभी डिवाइस निमार्ता कम से कम 1 साल के लिए रिचार्ज सहित निशुल्क दे रहे हैं। इस सिम को प्रतिवर्ष रिचार्ज कराना होगा।

पूर्व विधायक धाकड़ सहित चिकित्सक पहुचे रूपपुरा, ली बालकों की जानकारी

काछोला। क्षेत्र की थलकला ग्राम पंचायत के रूपपुरा गाँव मे दो परिवारों के 6 अनाथ बच्चो की सुध लेने की कवायद शुरू हो गई है । पूर्व विधायक विवेक धाकड़ एव काछोला गो रक्षा सेवा समिति के सदस्यों सहित चिकित्सा अधिकारी रूपपुरा पहुचे जहा उन्होंने बच्चो को 11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी व बीमारी से ग्रसित बच्चो के इलाज की प्रकिया शुरू की । , थलकलां ग्राम पंचायत के रूपपुरा ग्राम के सत्तू कहार एवं उसकी धर्मपत्नी माया कहार, घीसा कहार एवं उसकी पत्नी गंगा कहार की मृत्यु के पश्चात परेशानियां झेल रहे सत्तू कहार माया कहार की चार संताने संजू बबलू ममता दिलकुश एवं घीसा कहार एवं गंगा कहार की दो संताने कालू कहार, राहुल कहार, की मदद के लिए मांडलगढ़ के पूर्व विधायक विवेक धाकड़ नायब तहसीलदार ओमप्रकाश शर्मा,डॉ संदीप यादव सीएचसी काछोला, डॉ अखिलेश यादव नीमच आई हॉस्पिटल बूंदी, काछोला सरपंच प्रहलाद नट,समाज सेवी एन के सोनी, पटवारी रामकिशन जाट, पटवारी महावीर धाकड़ ,थलकलां पंचायत समिति सदस्य हरीश चोधरी, थलकलां उपसरपंच बाली देवी कहार के साथ रूपपुरा पहुंचे।

बाबेल चुनी गई तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष

भीलवाड़ा। प्रज्ञा भारती के प्रांगण में शासन श्री साध्वी कनक श्री जी ठाणा -7के सानिध्य मे वार्षिक साधारण सभा अध्यक्षा विमला रांका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। साध्वी निर्मल यशा कहा कि चातुर्मास मे मंडल को एक साथ कदम से कदम मिलाकर पूरी लगन निष्ठा और एकजुटता के साथ आचार्य महाश्रमण जी की अगवानी और साधु संतो की सेवा ,उपासना का पूरा लाभ लेते हुए अपना जीवन सार्थक बनाना है। आध्यात्मिक वातावरण में व्यक्तित्व का विकास करते हुए आगे बढ़े। मीडिया प्रभारी नीलम लोढ़ा ने बताया कि इस दौरान तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए जिसमें मीना बाबेल को अध्यक्ष चुना गया। सहमंत्री नीतू ओस्तवाल ने तेरापंथ महिला मंडल के संविधान का वाचन किया। मंत्री रेणु चोरड़िया दो वर्ष में किये गये कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया।

टायटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय :- ए-902 ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन नंबर 011- 27674615 | ईमेल : hrd@titanbiotechltd.com | www.titanbiotechltd.com

31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित स्टैंडलोन वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	स्टैंडलोन				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2021	31.12.2020	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2020
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	2,961.36	3,110.63	1,821.55	12,311.93	6,988.58
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	523.52	855.69	232.83	3,908.59	762.84
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	482.07	855.69	232.83	3,876.15	824.25
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	338.12	640.88	193.25	2,877.27	620.14
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 2 देखें)	344.16	640.88	188.54	2,863.31	615.43
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	-	-	-	5,755.64	2,954.96
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)					
	(ए) बेसिक	4.09	7.76	2.34	34.82	7.50
	(बी) डायल्यूटिड	4.09	7.76	2.34	34.82	7.50

31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित कांसोलीडेटेड वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	कांसोलीडेटेड				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2021	31.12.2020	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2020
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,581.82	3,473.34	2,026.02	14,302.56	7,988.75
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	619.70	910.74	228.50	4,303.00	979.01
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	578.26	910.74	228.50	4,270.56	1,040.42
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	408.75	681.54	194.95	3,170.53	783.74
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 2 देखें)	413.96	681.54	189.93	3,175.74	778.72
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व			-	6,049.45	3,092.96
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)					
	(ए) बेसिक	4.55	8.02	2.33	36.71	8.55
	(बी) डायल्यूटिड	4.55	8.02	2.33	36.71	8.55

नोट्स

1. उपरोक्त 31.03.2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 31.03.2021 को समाप्त उक्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध है।
2. 31.03.2021 को समाप्त हुए तिमाही और वर्ष के लिए उक्त घोषित अंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 29 जून, 2021 को आयोजित बैठक में रिकॉर्ड किया गया है। उपरोक्त परिणामों का ऑडिट कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, सेबी के विनियमन 33 (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) 2015 के संदर्भ में जैसा संशोधित हुआ है।
3. कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अध्यादेश 2019 द्वारा पेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तदनुसार, कंपनी ने 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है [illegible]
4. भारत सरकार द्वारा लगाए गए COVID-19 के प्रकोप और परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय लॉकडाउन के कारण गैर-आवश्यक श्रेणी के अंतर्गत आने वाले उत्पादों के लिए पैन इंडिया का कारोबार बाधित हुआ है। [illegible]
5. 31.03.2021 को समाप्त तिमाही के लिए कुल बिक्री 548.34 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री शामिल है जिसकी मांग कोविड 19 महामारी के कारण उत्पन्न हुई।
6. स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों ("Ind AS") ("आमतौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत") के अनुसार तैयार किए गए हैं ।
7. वर्ष के दौरान कंपनी ने रु. 10.92 लाख का कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) व्यय की ओर भुगतान किया ।
8. कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 1.50 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश की सिफारिश की है। लाभांश का भुगतान शेयरधारकों द्वारा वार्षिक आम बैठक में अनुमोदन के बाद किया जाएगा।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
DIN-00027448

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 29/06/2021